


नवभारत
भोपाल, रविवार, 18 जनवरी, 2026
04


# सड़क बनाने के लिए जिम्मेदारों ने दोनों तरफ खोद दी गहरी खाई

## लाखों रुपये खर्च कर ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाई गई सड़क बनी परेशानी का सबब

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** अरे साहब ये गड्डो वाली सड़क नहीं, बल्कि गहरी खाईयों वाली सड़क है, यहां से देखकर सभंलकर जाना कहीं गिर गये तो हाथ पैर टूट जायेगें, ग्रामीणों की सचेत करने वाली बात सुनकर सड़क से गुजरने से पहले ही मन में काफी उत्सुकता बड़ गई। तो वहीं सड़क देखने की लालसा ने पूरी सड़क का भ्रमण करा दिया। जहां सड़क भ्रमण के बाद ऐसा लगा कि वास्तव में एमपी अजब है और यहा के जिम्मेदार गजब है। जिम्मेदारों की गजब कार्यशैली ने उस समय दंग कर दिया जब सड़क पर चलकर देखा तो सड़क के दोनो तरफ गहरी खाई देखने को मिली। यह अजब-गजब सड़क जिले की जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत बरोदिया में है। जहां जिम्मेदारों ने मिलीभगत कर मनमर्जी से सड़क बनाई और सड़क निर्माण के लिए मिट्टी भी उसी सड़क के



आसपास से खोद कर उठा ली, जिससे सड़क के दोनो तरफ गहरी खाईया बन गई। जो अब राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। तो वहीं यहा से गुजरने वाले राहगीरों के लिए हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है।

दरअसल ग्राम पंचायत ने जगभान सिंह यादव के मकान से हिम्मत सिंह के खेत की ओर खेत सडक़ का निर्माण करीब छह पहले शुरू किया था। इस सडक़ के निर्माण के दौरान सडक़ के दोनों से मिट्टी खोदकर सडक़ पर डाल दी गई है। इससे सडक़ का काम तो जैसे-तैसे पूरा हो गया है पर साथ ही सडक़ के दोनों ओर गहरी खाई भी बन गई है। ये खाई कहीं दो फीट तो कहीं कहीं चार से पांच फीट तक गहरी है। वहीं ग्रामीणों ने बताया है कि सडक़ का निर्माण मशीनों से हुआ है। खाई बनने से काफी परेशानी पैदा हो गई है। किसानों को खेत में आने जाने में परेशानी हो रही है।

### लाखों रूपये की बनाई जा रही सड़क

ग्राम पंचायतों में जिम्मेदारों द्वारा मनमर्जी से कार्य कराये जा रहे है, भले ही इन कार्य कराने से किसी को सुविधा मिले या फिर किसी को दुविधा हो, लेकिन निर्माण कार्य कराना था, तो करा लिया गया है। ग्राम बरोदिया में बनाई गई सड़क के बारे में जब उपयंत्री से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया करीब 10 लाख रूपये लागत से इस सड़क का निर्माण बीते मई जून से शुरू हुआ था, जिस पर और भी कार्य होना है, मुरम अथवा चूरी डलना है शेष है। यह गौर करने वाली बात ये है कि इतनी सड़क का निर्माण महीनों बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हुआ। जिसकी बजह से ग्रामीणों को सड़क बनने से सुविधा की जगह दुविधा ज्यादा होने लगी है।

**इनका कहना है।**

*सड़क बनाने के लिए मिट्टी की जरूरत थी, जिसके चलते पहले से वहां पर खाई थी उसी में से मिट्टी उठाई गई थी, तो वहीं किसानों द्वारा पानी निकासी के लिए खाई खोदी गई है, जो हादसे का कारण बन सकती है, सरपंच से कहकर इसे भरवा देंगे। पानी निकासी के लिए उतनी नहीं भरेंगे।*

**अरविंद रघुवंशी, उपयंत्री**
**जनपद पंचायत अशोकनगर**



# पुलिस ने निकाला मारपीट करने वाले दो आरोपियों का जुलूस

**चाय, सिगरेट के पैसे मांगने पर की मारपीट**

**शहर में लंगड़ाते नजर आए मारपीट करने वाले**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुलिस ने एक बुजुर्ग चाय दुकान संचालक से मारपीट के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने इन आरोपियों का शहर में जुलूस निकाला, जिसमें वे लंगड़ाते हुए चलते दिखाई दिए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रामकुमार रघुवंशी और कुंज बिहारी ओझा के रूप में हुई है।

दरअसल मारपीट की घटना शुक्रवार को सामने आई जब राज बहादुर सिंह यादव नामक बुजुर्ग ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले रामकुमार रघुवंशी उनकी दुकान पर आया और सुबह से शाम तक चाय-सिगरेट पीता रहा। जब बुजुर्ग ने पैसे मांगे, तो रामकुमार ने विवाद शुरू कर दिया और उल्टे शराब पीने के लिए 500 रुपये की मांग की। इसके बाद रामकुमार वहां से चला गया, लेकिन रात में वह दीपक अहिरवार और कुंज बिहारी ओझा व एक अन्य के साथ डंडे लेकर लौटा। चारों ने मिलकर बुजुर्ग के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बुजुर्ग लगातार मिन्नतें करते रहे, लेकिन हमलावरों ने उनकी एक न सुनी। वह बचने के लिए दुकानें के अंदर कमरे में पहुंचा तो वहां भी उसे पीटा गया। वहीं पुलिस ने इस मामले में रामकुमार रघुवंशी, दीपक अहिरवार और दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। मारपीट की इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। दो अज्ञात आरोपियों में से एक की पहचान कुंज बिहारी ओझा के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस द्वारा अब दीपक अहिरवार और एक अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। जिन्हें पुलिस द्वारा जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## एक नजर में

### डंपर की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

**अशोकनगर।** कचनार थाना क्षेत्र में सेमरा हाट गांव के पास एक अज्ञात डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साला गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के खनियांधाना निवासी 30 वर्षीय हेमंत पुत्र राकेश बाल्मीक अपनी ममिया ससुराल में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था, जहां से वह अपने साले गता निवासी 28 वर्षीय अंकित पुत्र अमर सिंह के साथ ससुराल करैया राय जा रहा था, इसी बीच सेमरा हाट गांव के पास पहुंचते ही उनकी बाइक में एक अज्ञात डंपर ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को भोपाल रेफर कर दिया गया था। हालांकि हेमंत ने भादोन गांव के पास दम तोड़ दिया। उसके शव को वापस जिला अस्पताल लाया गया और रात में पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने शनिवार सुबह मृतक के शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया, तो वहीं मामला दर्ज करते हुए अज्ञात डंपर व उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत देशी खेलों का हुआ आयोजन

**अशोकनगर।** विकासखंड अशोकनगर सेक्टर 4 राजपुर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आमखेड़ा सूखा द्वारा बालाजी मन्दिर प्रांगड़ में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत ग्राम हमीदपुर में देशी खेलों का आयोजन किया गया। नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति के मार्गदर्शन में सभी ग्रामीणजनों के साथ बैठक कर अपने ग्राम को स्वस्थ, स्वच्छ, समृद्ध और संस्कारवान बनाने हेतु प्रति सप्ताह रविवार गीता स्वाध्याय करने की सहमति हुई और सभी को पारंपरिक खेल के प्रति लोगों को जागृत करने तथा समरसता का भाव जागृत करने ग्रामीणजनों को सुतोलिया ,चम्मच दौड़ , जलेबी दौड़ के लाभ बताए और सभी को बौरा दौड़ करवाई। जिसमें विजेताओं का सम्मान सैक्टर स्तरीय कार्यक्रम में किया जाएगा।

### भाजपा जिलाध्यक्ष बोले कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का बयान घोर निंदनीय

**अशोकनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने शनिवार को बयान जारी कर इंदौर में राहुल गांधी के साथ मंच पर कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं की सुंदरता को लेकर दिए गये घोर आपत्तिजनक बयान की निंदा की है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी के साथ मंच पर जिस तरह से विधायक बरैया ने बयान दिया। वह महिलाओं के प्रति कांग्रेस की सोच और मानसिकता को उजागर करता है। राहुल गांधी के सामने मंच पर इस तरह का बयान यह उनकी सहमति, स्वीकारोक्ति है। अब स्पष्ट है कि महिलाओं और एससी- एसटी समाज के प्रति दूषित,विकृत और कुंठित मानसिकता सिर्फ़ बरैया की नहीं, बल्कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली पूरी कांग्रेस की सोच है। श्री तिवारी ने बताया कि फूल सिंह बरैया ने कहा था कि जो सुंदर महिलाएं होती हैं, उनकी सुंदरता समाज में बलात्कार का कारण बनती है। वास्तव में अगर हम सोचे तो,इस तरह की पाश्विक,पशुओं की तरह सोच, इस व्यक्ति की है,मैं इस टिप्पणी की घोर भर्त्सना और निंदा करता हूं,और समूची कांग्रेस और राहुल गांधी से इस बात का जवाब मांगता हूं, क्या पूरे समाज में आपके महिलाओं के प्रति यह विचार है। क्या आपके घर में बहन, बेटी, मां नहीं हैं। मैं कांग्रेस के मेरे मित्रों, कार्यकर्ताओं से पूछना चाहता हूं, कि क्या आपके घर में बेटी नहीं है, जो फूल सिंह बरैया द्वारा इस तरह की निंदनीय टिप्पणी की।

# दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर कांग्रेस ने रखा उपवास

## इंदौर की घटना को लेकर जताया विरोध, नगरपालिका का किया घेराव, हुई धक्कामुक्की

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला कांग्रेस ने शनिवार को इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के विरोध में जहां नगरपालिका के दफ्तर के बाहर उपवास रखकर राज्य सरकार को जमकर कोसा, तो वहीं कार्यकर्ता नगर पालिका का घेराव करने पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए गेट के बाहर बैरिकेड लगा दिए थे।

प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड को धक्का देकर हटाने का प्रयास किया, जबकि अंदर से पुलिसकर्मी उन्हें संभाले हुए थे। कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड के ऊपर चढ़ने की भी कोशिश की। इस दौरान काफी देर तक पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की चलती रही।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की :**

हालांकि, पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को बैरिकेडिंग के बाहर ही रोक दिया। इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने से पहले, कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय के बाहर सड़क किनारे टेंट लगाकर चार घंटे तक धरना दिया और विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे।



**स्थानीय मुद्दे पर रखे ज्ञापन :**

ज्ञापन में मुख्य रूप से नगरपालिका परिषद द्वारा पाइपलाइन के माध्यम से घरों में सप्लाई किए जा रहे दूषित पानी की समस्या को उठाया गया। मांग की गई कि कई वार्डों में आ रहे गंदे पानी की आपूर्ति को तत्काल सुधारा जाए ताकि आमजन को स्वच्छ पानी मिल सके। साथ ही, पानी की पाइपलाइनों को गंदी नालियों से हटाकर व्यवस्थित करने की भी मांग की गई। वहीं अन्य मांगों में विभिन्न वार्डों में जाम पड़ी नालियों की सफाई करवाना शामिल था, ताकि घातक बीमारियां न फैलें। प्रशासन द्वारा किए गए अतिक्रमण से टूटी या जर्जर हुई नालियों को ढकवाकर व्यवस्थित करने की मांग भी की गई, क्योंकि इनसे मच्छर पनप रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कई वार्डों में बंद पड़ी मुख्य मार्गों की स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाने की बात भी कही गई ताकि दुर्घटनाएं न हों। ज्ञापन में हाथठेला चालकों का मुद्दा भी उठाया गया, जो सब्जी, फल और अन्य सामान बेचकर अपनी आजीविका चलाते हैं और नगरपालिका द्वारा परेशान किए जाते हैं। उनके लिए उचित स्थान की व्यवस्था करने की मांग की गई। कांग्रेस ने अनुरोध किया कि इन सभी बिंदुओं पर जल्द संज्ञान लिया जाए और समस्याओं का निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को भविष्य में किसी आपदा, बीमारी या संकट का सामना न करना पड़े। कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा पहले से ही तैयारी की गई थी नगर पालिका की गेट पर बैरिकेड लगा दिए थे। साथ ही काफी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए थे। जिन्होंने प्रदर्शन के दौरान सड़क पर यातायात व्यवस्था बनाई।



# कम राशन वितरण पर शाउम की दुकान ढेकन पर की कार्रवाई

**मुंगावली।** शासकीय उचित मूल्य की दुकान डेकन पर एसडीएम ने जांच के उपरांत कार्यवाही की है जिसमें भारी अनियमितता देखने को मिली थी। शिकायत पर एसडीएम ने मौके पर जाकर जांच की तो पाया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान डेकन के में वितरण 6.14 प्रतिशत एवं माह दिसंबर में मात्र दो दिवस ही दुकान को खोली गई, दुकान पर स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण पंजी नहीं पाई गई थी, दुकान पर किसी प्रकार का बोर्ड भी नहीं लगा पाया गया एवं स्टॉक में अंतर पाया गया। दुकान जांच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के आधार पर एसडीएम ने शक्तिपुंज भंडार सागर द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल दुकान डेकन के प्रबंधक और विक्रेता को मध्य प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जारी शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने से कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसके जवाब संतुष्टि पूर्वक नहीं मिला जिसके बाद उक्त दुकान को निलंबित कर सेवा सहकारी संस्था खोरीबरी संस्था की शासकीय उचित मूल्य दुकान बेलई में संलग्न किया गया एवं 5000 की प्रतिभूति राशि राजसात की गई।

# जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्य प्रदेश में खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। शनिवार को तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ संजय स्टेडियम में किया गया।** जहां विभिन्न खेलों में की प्रतियोगिताएं करवाई गई। शुभारंभ अवसर पर नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी,अपर कलेक्टर डीएन सिंह, एएसपी गजेंद्र सिंह कंवर सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल, मनोज शर्मा, सचिन चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान समस्त अतिथियों ने



खिलाड़ियों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए अपने-अपने विचार रखते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। श्री अरुण रघुवंशी जिला खेल अधिकारी ने खेलो एमपी यूथ गेम्स के बारे में खिलाड़ियों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन प्रथम चरण में ब्लॉक स्तर पर हुए जिसमें चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तर पर सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ एवं जिला स्तर से चुने हुए खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय आयोजन में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। कुल 7 खेलों के प्रतिभागी सीधे राज्य स्तर पर प्रतिभागिता करेंगे ।

# जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा आयोजित

**परीक्षा में शामिल हुए 1925 परीक्षार्थी**

**डीपीसी ने किया परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा आयोजन 16 एवं 17 जनवरी को किया गया। यह परीक्षा जिले के चारों विकासखंड में शुक्रवार एवं शनिवार को कराई। इस दौरान बनाए गए परीक्षा केंद्र में जहां जिलामुख्यालय पर उत्कृष्ट विद्यालय पठार,चंदेरी में कन्या विद्यालय, मुंगावली में उत्कृष्ट विद्यालय एवं ईसागढ़ में उत्कृष्ट




विद्यालय में यह परीक्षा आयोजित हुई। इस दौरान 2115 परीक्षार्थीयों में से 1925 बच्चों द्वारा परीक्षा दी गई। तो वहीं विकासखंड पर सभी जन शिक्षा केंद्र से चयनित बच्चे सम्मिलित हुए। तो वहीं परीक्षा का निरीक्षण डीपीसी राहुल शर्मा एवं एपीसी महेंद्र जैन द्वारा किया गया एवं बच्चों से परीक्षा के संबंध में चर्चा की गई। परीक्षा को लेकर जहां बच्चे उत्सुक दिखे तो वहीं बच्चों ने कहा की ऐसी प्रतियोगिता से हमको आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होते हैं। सभी बच्चों को राज्य शिक्षा केंद्र से प्राप्त प्रमाण पत्र भी वितरण किये गये।

**बैठक**

## हॉकर्स जोन को लेकर बैठक आयोजित, एसडीएम ने दिये निर्देश

# सोमवार से नगर में चलेगा अतिक्रमण अभियान, दुकानदारों को दी हिदायत

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** जिला कलेक्टर आदित्य सिंह के निरीक्षण के बाद शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी इसरार खान द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनय कुमार भट्ट को निर्देश दिए गए कि नगर में अव्यवस्थित तरीके से अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाना है जिसके अंतर्गत शासकीय भूमि पर दुकानों के आगे शासकीय भूमि पर टीन शेड्स नालियों पर पत्थर एवं सामान रखे हुए एवं शासकीय भूमि पर दुकान लगाकर समान रखकर विक्रय करने वाले दुकानदार हाथ ठेले पर विक्रय करने वाले सब्जी फल विक्रेताओं को सख्ती से हटाया जाएगा। जिसके लिए



नगर में मुनादी के माध्यम से एवं नगर परिषद द्वारा सभी को मौखिक सूचना भी दी जाए, जिसके बाद जिसके सोमवार से अतिक्रमण को लेकर कार्यवाही शुरू की जाए नगर के प्रत्येक क्षेत्र में प्रशासन सख्ती से पूरे दल बल के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेगा। जिसकी टूटफूट के जिम्मेदार स्वयं अतिक्रमणकर्ता होंगे। अनुविभागीय अधिकारी इसरार खान के निर्देशानुसार हाथ ठेले पर कपड़ा विक्रय करने वाले दुकानदार एवं मनिहारी दुकानदार नगर परिषद ग्राउंड में अपनी दुकान लगा सकेंगे इसके अलावा सभी फल विक्रेता सब्ज़ी विक्रेता,एवं समस्त दुकानें एवं प्रत्येक गुरुवार को लगने वाला हाट बाजार पुरानी कृषि उपज मंडी में लगाया जाएगा, नगर में दुकान लगाने वालों पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। अतिक्रमण कार्यवाही में नगर परिषद से अतिक्रमण प्रभारी राशिद खान, संतोष पवार सफाई दरोगा, इकरार खान, वीरू करोसिया आदि कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

**पुरानी कृषि उपज मंडी में फल और सब्जी विक्रेता लगाएंगे अपनी दुकान:**

सीएमओ विनय कुमार भट्ट ने बताया कि पुरानी कृषि उपज मंडी में सोमवार से नगर के सभी सब्जी ओर फल विक्रेता पुरानी कृषि उपज मंडी में अपना दुकानें लगाएंगे और यह अब प्रतिदिन वही लगेगी साथ ही हफ्ते में लगने वाली हाट बाजार भी वही लगेगा जिससे नगर में यातायात व्यवस्था को ठीक किया जा सके। वही जिन दुकानदारों ने दुकानों के आगे अतिक्रमण किया हुआ है उनका अतिक्रमण भी हटाया जाएगा, जिसके लिया नगर परिषद ने सभी दुकानदारों को बोल दिया गया है कि वह अपना अतिक्रमण खुद हटा ले जिससे उन्हें किसी प्रकार का नुकसान न हो।


**// सार्वजनिक सूचना//**

मेरे पक्षकार LIC Housing finance Ltd Branch Guna (M.P.) से श्रीमति आनंद यादव पुत्र श्री कृष्णकुमार यादव निवासी ग्राम सेमरा पहाड तहसील व जिला अशोक नगर (म.प्र.) का ऋण सम्पत्ति पर ऋण प्रस्तावित है नीचे उल्लेखित भूखण्ड/भवन के विकय पत्र प्रतिभूति स्वरूप (Security) के तोर पर LICHFL Branch Guna (M.P.) में बंधक किया जाना प्रस्तावित है उक्त भूखण्ड/भवन का विवरण नीचे दिया गया है। विक्रेता भगवान सिंह अहिरवार आयु 59 वर्ष पुत्र श्री सुखलाल अहिरवार जाति अहिरवार, निवासी- वार्ड नं.08, विदिशा रोड अशोकनगर तहसील व जिला अशोकनगर म.प्र. सहमतिदाता :- (1) श्रीमति संपत बाई आयु 58 बर्ष धर्मपत्नि श्री भगवान सिंह अहिरवार (2) सुन्दरलाल धुरेटे आयु 41 वर्ष (3) दुर्गाप्रसाद अहिरवार आयु 35 वर्ष पुत्रजन श्री भगवान सिंह जाति अहिरवार, निवासी वार्ड नं.08 विदिशा रोड अशोकनगर तहसील व जिला अशोकनगर म.प्र.(4) श्रीमति राधा बाई घुरेटे आयु 44 वर्ष धर्मपत्नि श्री केवल धुरेटे जाति अहिरवार (5) राहुल धुरेटे आयु 26 वर्ष (6) दीपक धुरेटे आयु 22 वर्ष पुत्रजन श्री केवल धुरेटे सभी जाति अहिरवार, निवासीजन- गणेश कालोनी अशोकनगर तहसील व जिला अशोकनगर म.प्र. से श्रीमति आनंद यादव पुत्र श्री कृष्णकुमार यादव निवासी ग्राम सेमरा पहाड तहसील व जिला अशोक नगर (म.प्र.) ने दिनांक 13/12/2024 विक्रय पत्र ई पंजीकरण सख्या MP471192024A11394381 से क्रय कर आधिपत्य प्राप्त किया था। उक्त मकान नगरी अशोकनगर के पूर्व नगर पालिका वार्ड नं.07 नया वार्ड नं.08 के अर्न्तगत गणेश कालोनी में अवस्थित आर.सी. सी. निर्मित एक मंजिल मकान जिसकी लंबाई उत्तर से दक्षिण 6.40 मीटर यानी 21 फुट तथा चौडाई पूर्व से पश्चिम 3.96 मीटर यानी 13 फुट (उत्तर दिशा में) एवं 3. 65 मीटर यानी 12 फुट (दक्षिण दिशा में) है, विक्रीत मकान का कुल क्षेत्रफल 24.39 वर्गमीटर यानी 262.50 वर्गफुट है, जो कि नगर पालिका अशोकनगर के प्रभावशील संपत्तिकर सर्वे रजिस्टर वर्ष 2008-09 वार्ड नं.07 पुराना के भू/भ कं.59 पर विक्रेता के नाम भवन स्वामी के रूप में दर्ज है.। को क्रय कर आधिपत्य प्राप्त किया है। विक्रय पत्र अनुसार उक्त मकान पुरानी आवादी क्षेत्र के अन्तर्गत आता है।

उक्त उल्लेखित सम्पत्ति पर ऋण/ सम्पत्ति के अगेंस्ट ऋण प्राप्त करने हेतु श्रीमति आनंद यादव पुत्र श्री कृष्णकुमार यादव निवासी ग्राम सेमरा पहाड तहसील व जिला अशोक नगर (म.प्र.) आदि ने LICHFL Branch Guna (M.P.) में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति फर्म, संस्था, निगम , निकाय को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्ष कार के LICHFL Branch Guna (M.P.) के पक्ष में बंधक किये जाने अथवा उक्त उल्लेखित सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्य एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में कि सी प्रकार आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा LICHFL Branch Guna (M.P.) में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना पत्र के प्रकाशन के15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करे उक्त अवधि के समाप्त हो ते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार LICHFL Branch Guna (M.P.) के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी कृप्या सूचित हो।

**दिनांक 17/01/2026**

**विनीत**
**देवेन्द्रसिंह रघुवंशी एडवोकेट**
**हाउसिंह बोर्ड ऑफिस के पीछे विद्यार्थी नगर गुना**
**मो.नं. 9425760813, 9340118962**